दिनांक– 04 / 08 / 2024 समयः 2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

सागर–हादसा

सागर जिले के शाहपुर में आज सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत हो गई। हरदौल मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। यहां सुबह से पार्थिव शिवलिंग बनाने के लिए आठ से 14 साल के बच्चे भी बड़ी संख्या में पहुंचे। तभी मंदिर परिसर में करीब पचास साल पुरानी एक कच्ची दीवार भराभरा कर शिवलिंग बना रहे बच्चों के ऊपर गिरी, जिससे करीब 8 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और चार घायल है। सागर जिला प्रभारी एसपी संजीव कुमार ने बताया कि.........

मुख्मयमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतक बच्चों के परिजनों को शासन की तरफ से 4 –4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घायल बच्चों के उचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया है। घटना स्थल से जेसीबी की सहायता से मलबा हटाकर बच्चों को निकाला गया। रहली विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव भी मौके पर पहुंच गए और मामले की जानकारी ली।

....

श्रावण सोमवार

आज हरियाली अमावस्या है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शिव मंदिरों में सुबह से भक्तजन दर्शन और पूजन करने पहुंच रहे हैं। आगरमालवा के प्रसिद्ध, श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। वही जिलेभर तथा बाहर से भी कांवड यात्राएं के भक्तजन भी बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। इस बीच श्रावण मास के तीसरे सोमवार को कल उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी निकाली जाएगी। भक्तों को तीन रूपों चंद्रमौलेश्वर,मन महेश तथा शिव तांडव स्वरूप में दर्शन देंगे। साथ ही 1500 डमरू वादक एक साथ डमरू बजाकर विश्व रिकार्ड बनाएंगे। इस बीच आज उज्जैन में महाकाल दर्शन करने वालों का सिलसिला जारी है आज सुबह तक शहर में करीब 2 लाख बाहरी श्रद्धालु आ गए थे। संभावना है कि सोमवार सुबह तक शहर में करीब 3 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके होंगे।

....

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से भोपाल में आज सुबह से बारिश हो रही है। आज इंदौर समेत 31 जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। इनमें से रतलाम, मंदसौर, नीमच और गुना के लिए अति भारी बारिश का रेड अलर्ट है। बारिश से प्रदेश की सभी छोटी–बड़ी नदियां उफान पर हैं। 10 बड़े बांध फुल हो चुके हैं। बता दें कि एमपी में 44 दिन में ही इस सीजन की 58 प्रतिशत यानी 21. 6 इंच बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक कल से बारिश से राहत मिलने की संभावना है। इस बीच कटनी की सभी प्रमुख नदियों सहायक नदियों का जलस्तर बाढ़ जैसा नजर आ रहा है। कल शाम से आज सुबह तक पानी अनवरत बरस रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारी और महापौर प्रीति सूरी ने शहर में हालत का जायजा लिए कई जगह पानी भरने की खबर के बाद वैकल्पिक व्यवस्था भी बनाई गई है। मंडला जिले में दो दिनों से बारिश रुक रुककर हो रही है। नदी नाले उफान पर हैं। कई ग्रामीण मार्ग बंद हैं। मंडला व सिवनी जिला को जोड़ने वाला मार्ग बंद हो गया है। थावर डेम के पांच गेट खोले गए हैं। छतरपुर के बानसुजारा बांध के ऊपर धसान नदी में पानी की आवक बहुत तेजी से बढ़ रही है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आजषाजापुर के दौरे पर हैं। वे यहां जिला अस्पताल में सौ बेड के नवनिर्मित अस्पताल भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में षामिल हो रहे हैं।
- सिवनी जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 अगस्त 2024 तक संचालित किया जायेगा।

- आकाशवाणी दिल्ली के संगीत सम्मेलन का आज दूसरा दिन है। कार्यक्रम में आज प्रसिद्ध मोहनवीणा वादक पंडित विश्व मोहन भट्ट अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।
- भारत और श्रीलंका के बीच आज दूसरा एक दिवसीय मैच कोलंबों में खेला जाएगा। मैच दोपहर ढ़ाई बजे से षुरू होगा। तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच टाई रहा था।ष
- पेरिस ओलिंपिक में बैडमिंटन के सेमीफाइनल में, आज लक्ष्य सेन का मुकाबला तोक्यो ओलिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता, डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से होगा। यह मैच दोपहर साढे तीन बजे से खेला जाएगा।

....